प्रेस नोट ***10/09/2024***

01 गांजा तस्कर गिरफ्तार कब्जे से 1.250 किलोग्राम अवैध गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मधुबन के नेतृत्व में थाना मधुबन पुलिस को उस समय अहम सफतला हाथ लगी जब दिनांक 10.09.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान गजियापुर तिराहा के पास से अभियुक्त रोशन कुमार यादव पुत्र फेकू यादव निवासी परसिया देवार थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से 1.250 किलोग्राम अवैध गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाईकिल एचएफ डिलक्स बरामद कर गिरफ्तार किया गया उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 262/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया। तस्करी में प्रयुक्त दो पहिया वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. रोशन कुमार यादव पुत्र फेकू यादव निवासी परसिया देवार थाना मधुबन जनपद मऊ।

बरामदगी-

1. 1.250 किलोग्राम अवैध गांजा।
2. एक अदद मोटरसाईकिल एचएफ डिलक्स।